
दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 05
अंकः- 74
मुरादाबाद
04 July 2025
(Friday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी ने घाना की संसद को किया संबोधन, कहा- हमारा लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार है




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाना की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। पीएम मोदी ने गुरुवार को घाना की संसद को संबोधित किया। इससे पहले घाना सरकार की ओर से उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। बता दें कि तीन दशक बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने घाना का दौरा किया है। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर घाना पहुंचे हैं। गुरुवार को घाना ने पीएम मोदी को घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने घाना की संसद को संबोधित किया। संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सर्वोच्च सम्मान देने के लिए आभार जताया। घाना में होना सौभाग्य की बात है- पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा कि आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे अत्यंत गौरव का अनुभव हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र की भावना से ओतप्रोत है। पीएम मोदी ने आगे कहा, विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में मैं अपने साथ 1.4 अरब भारतीयों की सद्भावना और शुभकामनाएं लेकर आया हूं। घाना से मिले सर्वोच्च सम्मान के लिए मैं 140 करोड़ भारतीयों की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। घाना को सोने की भूमि के रूप में जाना जाता है, न केवल आपकी धरती के नीचे छिपी हुई चीजों के लिए बल्कि आपके दिल में मौजूद गर्मजोशी और ताकत के लिए भी%। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मुझे दूरदर्शी राजनेता तथा घाना के प्रिय पुत्र डॉ. क्वामे नक्रूमा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने एक बार कहा था कि हमें एकजुट करने वाली ताकतें हमें अलग रखने वाले आरोपित प्रभावों से कहीं अधिक बड़ी हैं। उनके शब्द हमारी साझा यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे। घाना साहस के साथ खड़ा है- पीएम मोदी अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत में 2500 राजनीतिक दल हैं। 20 अलग-अलग पार्टियां अलग-अलग राज्यों में सरकार चला रही हैं। यही वजह है कि भारत में आने वाले लोगों को भारत में भव्य स्वागत होता है। घाना में भारत के लोग उसी तरह घुले-मिले हैं जैसे चाय में शक्कर मिली होती है। पीएम ने कहा, जब हम घाना को देखते हैं तो हम एक ऐसे राष्ट्र को देखते हैं जो साहस के साथ खड़ा है। समावेशी प्रगति के प्रति आपकी प्रतिबद्धता ने वास्तव में घाना को पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के लिए प्रेरणा का केंद्र बना दिया है। हमारे लिए लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार हैं- पीएम मोदी घाना की संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- भारत और घाना के संबंध काफी मजबूत हैं। भारत-घाना समावेशी विकास की ओर बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारे लिए लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार हैं। घाना में पिछले कुछ वर्षों से काफी तेजी से विकास हुआ है। इस वक्त भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा- दुनिया इस वक्त कई समस्याओं से जूझ रही है,

जिसमें आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन इस समय बड़ी समस्याएं हैं। वहीं भारत का लोकतंत्र आशा की किरण बना हुआ है। भारत सबके भले की बात करता है- पीएम मोदी पीएम मोदी ने इस मौके कहा- दुनिया ने कोरोना काल का संकट भी देखा और भारत ने दुनिया के तमाम देशों को वैक्सीन भेजे। हमारा मंत्र सबका साथ-सबका विकास है। लोकतंत्र जितना मजबूत होगा, दुनिया उतनी ही सशक्त बनेगी। घाना एक ऐसा देश है जो साहस के साथ खड़ा है। भारत सबके भले की बात करता है। वैश्विक उठपटक सबके लिए चिंता का कारण है। घाना गणराज्य की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, भारत के लोगों ने शांति, सुरक्षा और विकास में अपना विश्वास जताया है। पिछले वर्ष उन्होंने लगातार तीसरी बार एक ही सरकार को चुना, ऐसा छह दशक से अधिक समय के बाद हुआ। भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मोदी ने कहा, मैं आपको भारत की नई संसद देखने के लिए आमंत्रित करता हूं। आप देख पाएंगे कि हमने भारतीय संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का साहसिक कदम उठाया है। जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा जैसे नए और जटिल संकटों का सामना कर रही है। पिछली सदी में बनाए गए संस्थान जवाब देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बदलती परिस्थितियों में वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है। वैश्विक दक्षिण को आवाज दिए बिना प्रगति नहीं हो सकती... हमें गर्व है कि हमारे कार्यकाल के दौरान अफ्रीकी संघ जी-20 का स्थायी सदस्य बन गया।

## आजमगढ़ में अखिलेश यादवः फ्री बिजली, युवाओं को आईपैड व महिलाओं को पेंशन देने का वादा, भाजपा सरकार पर कसा तंज




अखिलेश यादव ने आजमगढ़ में आवासीय भवन और पार्टी कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा सरकार पर जमकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि स्कूलों को बंद किया जा रहा, जबकि शराब की दुकानें धड़ल्ले से चल रही हैं। आजमगढ़ नगर से सटे अनवरगंज में अपने नए आवासीय भवन और पार्टी कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यदि 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार बनती है तो हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी, युवाओं को आईपैड मिलेगा और महिलाओं को 3000 रुपये मासिक समाजवादी पेंशन दी जाएगी। उन्होंने केंद्र की अग्निवीर योजना को समाप्त करने और सीमा की सुरक्षा को मजबूत करने की बात कही।अखिलेश यादव ने शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं की दुर्दशा को लेकर भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा उन बूथों को चिन्हित कर बंद करा रही है,

जहां उसे हार मिली थी। हजारों विद्यालय बंद किए जा रहे हैं, जबकि शराब की दुकानें धड़ल्ले से खोली जा रही हैं। जल जीवन मिशन के तहत गांवों में बनाई गई पानी की टंकियां भ्रष्टाचार का भार नहीं सह पा रही हैं। हर महीने किसी न किसी जिले में टंकी फटने की घटनाएं सामने आ रही हैं।उन्होंने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की तुलना करते हुए अपने शासन में बनी छह लेन की सड़कों को बेहतर बताया। साथ ही भाजपा पर आरक्षण और धर्मनिरपेक्षता के मुद्दे पर दोगली नीति अपनाने का आरोप भी लगाया। कार्यक्रम में उन्होंने स्पष्ट किया कि 2027 में सत्ता में लौटने पर गाजीपुर में मंडी का निर्माण करेंगे और गाजियाबाद से सोनभद्र तक सभी सीटें पीडीए को दिलाने का लक्ष्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के किसानों को लेकर बरसे राहुल, बोले- PM ने कहा था किसान की आमदनी दोगुनी करेंगे लेकिन...

राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में किसानों की दशा को लेकर केंद्र पर बेरुखी दिखाने का आरोप लगाया। जिसके बाद राहुल गांधी और अमित मालवीय में ठन गई है। अमित मालवीय ने आईना दिखाते हुए राहुल गांधी से कहा कि उन्हें महाराष्ट्र में राकांपा-कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान किए गए पापों को याद करना चाहिए।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या को लेकर गुरुवार को मोदी सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस नेता ने कहा कि किसान दिन-प्रतिदिन कर्ज में डूबते जा रहे हैं और सरकार किसानों की दुर्दशा के प्रति उदासीन बनी हुई है। उन्होंने एक्स पर अपनी पोस्ट में सरकार पर किसानों की कर्ज माफी और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा कि महाराष्ट्र में तीन महीनों में 767 किसाों ने आत्महत्या कर ली है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर चुप है। सरकार से सवाल करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि क्या ये सिर्फ एक आंकड़ा है? अब ये 767 परिवार जो कभी नहीं संभल पाएंगे। एक मीडिया रिपोर्ट को साझा करते हुए उन्होंने यह भी लिखा कि किसान हर दिन कर्ज में और गहराई तक डूब रहा है। बीज महंगे हैं, खाद महंगी है, डीजल महंगा है, लेकिन MSP की कोई गारंटी नहीं।

## कांवड़ यात्रा को लेकर नरेश टिकैत का बड़ा बयान, कहा-डाक और डीजे पर लगे रोक



मुज़फ्फरनगर में नरेश टिकैत ने कांवड़ यात्रा में डाक कांवड़ और डीजे कांवड़ पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि तेज लाइट, ऊंची कांवड़ और गानों की आवाज से दुर्घटनाएं होती हैं। मुजफ्फरनगर के किसान नेता और भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कांवड़ यात्रा के दौरान हो रहे शोर-शराबे और अनियंत्रित गतिविधियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा की परंपरा और श्रद्धा बनी रहे,

इसके लिए डाक कांवड़ और डीजे कांवड़ पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगना चाहिए। नरेश टिकैत का कहना है कि डाक कांवड़ की स्पीड और तेज लाइटों के कारण सड़क पर दुर्घटनाएं होती हैं, जिससे आमजन को परेशानी होती है। उन्होंने यह भी कहा कि बहुत ऊंची-ऊंची कांवड़ और तेज आवाज में बज रहे गाने भी अनुशासन और परंपरा के खिलाफ हैं।

टिकैत ने अपील की कि यात्रा में गाने न बजाए जाएं और इसे श्रद्धा और संयम से पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और आयोजन समितियों से आग्रह किया कि ऐसे मामलों में सख्ती से रोक लगाई जाए। उनके इस बयान के बाद कांवड़ यात्रा में डीजे व डाक कांवड़ को लेकर फिर से बहस तेज हो गई है।

## चीनी इंजीनियरों की वापसी पर सियासत, खरगे बोले- चीन भारत की रीढ़ तोड़ रहा, सरकार चुप क्यों?



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार की चीन नीति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने चीन के इंजीनियरों की भारत से वापसी, दुर्लभ खनिजों और उर्वरकों के निर्यात पर चीन की पावंदी को लेकर सरकार की चुप्पी पर कई सवाल उठाए। खरगे ने कहा कि चीन भारत की रीढ़ तोड़ रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।भारत और चीन के रिश्तों को लेकर सियासत एक बार फिर गरमा गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार की चीन नीति पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने चीन द्वारा भारत में काम करने वाले इंजीनियरों की वापसी और भारत के लिए जरूरी खनिजों पर चीन की पाबंदी को लेकर सवाल उठाए। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की चीनी गारंटी की कोई एक्सपायरी डेट नहीं है।कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे बड़े-बड़े दावे किए, लेकिन हकीकत ये है कि चीन को भारत में निवेश और काम करने का खुला न्योता दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने चीनी इंजीनियरों को आसानी से वीजा दिए ताकि वे यहां की कंपनियों में काम कर सकें और पीएलआई स्कीम का फायदा उठा सकें।चीनी इंजीनियरों की वापसी पर कांग्रेस का कटाक्ष

खरगे ने दक्षिण भारत में फॉक्सकॉन के आईफोन प्लांट से चीनी इंजीनियरों के बाहर जाने की खबर का हवाला देते हुए कहा कि ये सरकार की असफलता का उदाहरण है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चीन भारत की रीढ़ तोड़ रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। खनिजों के निर्यात पर चीन की पाबंदी- कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि चीन ने भारत के लिए दुर्लभ खनिजों और रियर अर्थ मैग्नेट्स के निर्यात पर सख्त पाबंदी लगा दी है। ये खनिज ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन, रक्षा और हाई सिक्योरिटी करंसी प्रिंटिंग के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार इस मुद्दे पर क्या कदम उठा रही है?चीन से नहीं मिल रही बातचीत की अनुमति खरगे ने कहा कि भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग के प्रतिनिधिमंडल को चीन में अधिकारियों से मिलने तक की अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे भारत की आत्मनिर्भरता पर बड़ा असर पड़ेगा और चीन खुलेआम भारत के हितों को नजरअंदाज कर रहा है। फर्टिलाइजर सप्लाई रोकने पर संकट में किसान- खरगे ने आरोप लगाया कि चीन ने पिछले दो महीनों से भारत को स्पेशलिटी फर्टिलाइजर की सप्लाई रोक दी है। भारत अपनी 80 फीसदी फर्टिलाइजर की जरूरत चीन से पूरी करता है, जिससे फलों, सब्जियों और अन्य फसलों की पैदावार होती है। उन्होंने कहा कि इससे पहले से संकट झेल रहे किसानों की परेशानी और बढ़ेगी। बता दें, बुधवार को राहुल गांधी ने भी विशेष फर्टिलाइजर की रोक पर चिंता व्यक्त की थी।गलवान की घटना पर भी सरकार को घेरा खरगे ने कहा कि पांच साल पहले गलवान घाटी में 20 भारतीय जवानों ने अपनी जान दी थी, लेकिन सरकार ने तब भी चीन को %क्लीन चिट% दी। उन्होंने आरोप लगाया कि आज चीन इसका पूरा फायदा उठा रहा है और भारत की सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। सरकार की %चीनी गारंटी% पर तंज- कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार की %चीनी गारंटी% की कोई एक्सपायरी डेट नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की जनता को सरकार की नीतियों की सच्चाई समझनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि सरकार चीन पर ठोस नीति बनाए और भारत के हितों की रक्षा करे।

संपादकीय Editorial

## Tourism-New place, new reason

Tourism in Himachal is now more in number and less in quality. Its side effects are from road to possibility. Many resolutions of possibilities and development that have come as a part of tourism in the country's economy are taking shape in Himachal as well, while conflicts of experience have also come to the fore on its paths. On one hand, the struggle to be the leader in the identity of regional tourism in the proximity of Uttarakhand, Jammu-Kashmir and Ladakh and on the other hand, the reason for disciplining the crowd of temple fairs has to be seen. Recently, the Indian tourism industry has taken 251 crore tourists around the country by 2023. Amidst all this, the future of tourism- the sky of tourism economy, infrastructure, entertainment, development and connectivity. We and about half a dozen states around us attracted 83 crore tourists, so where did we go wrong in this and what did we achieve. If even ten percent of the 83 crore tourists who have reached Chandigarh, Delhi, Uttarakhand, Haryana, J&K, Ladakh and Punjab come to Himachal, then our arrangements will be lost in its noise and chaos. If we are not able to control the dangers of the activities of the tourists coming now, then what will happen in the next few years. If the figure reaches five crore tourists in ten years, then the number of hotels of the current ten thousand will have to be increased to twenty-five thousand, while apart from home stay and highway facilities, parking will also have to be increased five times. If we calculate the demand and supply during this period, then the scope of electricity and drinking water projects will also have to be increased by two and a half times, while plans for capacity expansion will have to be made in the existing tourist destinations. In this direction, the structure and pattern of administration and police will have to be changed, while police patrolling will have to be ensured day and night in the state till the destination according to law and order. Obviously, tourism can be equipped with new places, new reasons and new facilities. Many projects may be made for this, but for the right, right conduct is required. A culture is desired in our part of tourism. This culture will be born from the character of our management, the language of expansion and alertness on the path of arrival. We will have to divide the journey of the next ten years into small units, that is, we will have to work on rural tourism on a large scale and guide the efficient role of MNREGA tourism. For this, first of all, the peripheral areas, that is, the border areas of Sirmaur, Una, Bilaspur, Hamirpur and Kangra districts, will have to be made a stop for the quick culture of mega tourism. For example, apart from Pong, Gobindsagar, Koldam, if mega tourism facilities are provided to the border areas of Himachal through artificial lakes, then the increasing figures will knock here and return. Here the standards of 'budget tourism' will have to be filled to the brim. After this, in the scope of religious tourism, a dozen temple complexes will have to be made the destination of mega tourism in the form of religious cities in an area of ??five to ten kilometers. In the third format, Himachal will have to organize tourism by developing science cities, botanical gardens, fossil parks, sports tourism and summer camp sites full of expectations of modern India, India of science and knowledge and curious students. The local bodies, every department, board and corporation of the state will also have to work as tourism units. The tourism industry will flourish from a holistic point of view only by establishing a 'tourism wing' in every department. In the concept of at least one tourist village in every assembly constituency, many theme-based tourist villages will be identified in a few years through the general budgetary provisions of various departments and along.

# Abdul doesn't just make punctures!

Iran's Supreme Leader Khamenei won the war against Israel. In this, he also showed America its place. Israel's Iron Dome etc. proved to be a myth. Prime Minister Modi had made fun of Muslims all over the world. He had said that these people can only make punctures, but Abdul also makes missiles and teaches a lesson to President Trump and Netanyahu. Iran's victory has shown that he does not surrender. Iran has won the war. No matter how anyone analyzes the war, the people of Iran, under the leadership of 86-year-old Ayatollah Khamenei, together showed Israeli Prime Minister Netanyahu and President Trump their place. "You may have started it, but we will finish it!" Khamenei, who said this with confidence, completed his revenge by attacking American military bases in Qatar, Syria and Bahrain. Till now, countries like China and Russia had not shown the courage to attack American military bases. Everyone was at the forefront of the war of words, but when President Trump, standing in Israel's favour, bombed Iran with his plane, Khamenei, without getting perturbed, said, "America has committed a war crime. They should not have intervened. They will have to pay a heavy price for this." America thought that after its bombing, Iran would retreat in fear, but this bombing backfired on President Trump. Iran showed that America is not all-powerful; he too can be killed. After 12 days, a ceasefire took place between Iran and Israel on Iran's terms. On social media, Iran showed the picture of the last bombing on Israel and said, "we shoot the last fire." “We made the last attack.” Expressing this joy, the war stopped (temporarily). In Iran's capital Tehran, people came out on the streets on Tuesday night to celebrate the victory. Till yesterday, missiles and drones were flying in the sky. On Tuesday night, firecrackers and colorful fireworks were seen in the same sky. This happiness was not because Israel had to retreat, but because it took its revenge by attacking American bases. If there had been no ceasefire between India and Pakistan, the Indian people would have also got a chance to celebrate like this. Those whose self-respect and national pride are alive, fight with the so-called 'superpower' and emerge victorious, while rulers entangled in business entanglements surrender within two-three days at the behest of President Trump. Now they will not stop - After Israel's retreat, 'Iran' as a country and Ayatollah Khamenei as a leader are seen becoming popular in the world. Prime Minister Modi During the election campaign, he made fun of Muslims. These people are only fit for making punctures, this was Modi's tone, but Iran has shown that Abdul not only makes punctures, but also makes long-range missiles that force America and Israel to retreat and Abdul also fights for the self-respect of his country. He is not afraid of President Trump. On June 13, Israel made its first big attack on Iran. In this, almost all the senior military officers of Iran were killed. This was a big blow for Iran, but Iran did not sit and cry. Supreme Leader Ayatollah Khamenei immediately addressed the Iranian people, which is worth praising his leadership qualities. Khamenei says, "After the attack, I sent a message to my army commander. I was told that he has died in yesterday's attack. I sent a message to the naval commander. I was told that he has also died in yesterday's attack. When I called the top officials of the defense department, it was told that they have also been killed, but even though our people were killed in this attack, I was told that our people were killed in yesterday's attack. Even though the top warriors have been killed, we will fight even more strongly. Iran is a proud and strong country. We will never surrender." Khamenei proved his statement to the world. It is true that Khamenei is a religious leader, but unlike other Islamic countries, there is no venom in his behavior and speech. Iran has never been involved in terrorist acts and incidents in other parts of the world. Iran is not Pakistan, Afghanistan, Iraq. Iran's culture, religion and rituals are being protected in a gentle manner in comparison to the way the fanatic Hindutvaists present in India want to protect Hinduism and culture and it does not seem that there is anything wrong in it. Khamenei is educated. He himself is a good speaker, writer, poet and Shayar. He writes poetry in Persian. Khamenei is influenced by the ideology of Pandit Nehru and Mahatma Gandhi. He is influenced by Pandit Nehru's book 'Glimpses of World History' and in his speeches he often refers to Pandit Nehru's book. He has a strong respect for India. He has affection and respect in his heart and he visited India extensively during Indira Gandhi's time. He stayed in Delhi and Kashmir. He also met Indira Gandhi. Khamenei never helped Pakistan on the Kashmir issue. His opinion that the Kashmir issue should be resolved under the Indian Constitution is well known. Khamenei's journey from Imam to Supreme Leader was full of conflicts. In his country, he combined religion, science and development together. Noise of nuclear weapons - Israel attacked Iran first by making an excuse that Iran has nuclear weapons and is working on them. America used the same trick in the case of Iraq and Saddam Hussein and by attacking Iraq, Saddam was killed. Killed. The policy behind this was that until Saddam is eliminated, Israel will not be able to increase its influence and America will not get its share. Now Iran is coming forward as a power. If it comes forward, it will create obstacles in the dominance of America and Israel in the Middle East, due to this fear, charges were filed against Iran and it was put in the cage of accused without any investigation. The quarreler is Israel, the military is also Israel and the judge is America, such is the game, but Iran turned the whole game upside down. Will the ceasefire last? At present, a ceasefire has been signed between Iran and Israel, but how long will it last? Khamenei repeatedly says that he does not trust Israel. Today Israel was injured in Iran's attack. Iran feels that it will get up and attack again after preparing. Therefore, Iran will also keep trying to become more powerful. If Israel is seen doing something wrong, Iran will not remain without attacking Israel again. One thing is certain that in the last ten days, Iran has burst Israel's bubble of 'invulnerability'. Israel's impenetrable airspace, Iron Dome etc. have become legends. Therefore, Israel needed to stop the war. After the ceasefire, peace talks will begin between Iran and Israel. Who will be the mediator in it? America, China or Russia, this is the important question. Iran will not stop its 'nuclear' program under any circumstances, but in exchange for a ceasefire, Iran will demand the removal of global sanctions from America. At the moment, this also does not seem possible. Iran is in economic and trade crisis due to sanctions. Still, the important issue in the discussion is 'Gaza'. The inhumane attacks that Israel carried out on 'Gaza', killing children, bombing hospitals, cutting off Gaza's food supply, not even allowing children to get milk and water. The world remained silent on these atrocities, but Iran stood up. Due to fear of America and Israel, everyone kept watching the inhumane massacre in Gaza as a mute spectator. At this time, I am reminded a lot of the attack on the French weekly 'Charlie Hebdo'. On 7 January 2015, at 11.30 am, two crazy Muslim youths attacked 'Charlie Hebdo'. These young Muslims of Algerian origin were real brothers. In this attack, 12 employees of 'Charlie Hebdo' were killed and the same number were seriously injured. This weekly magazine had published caricatures of Prophet Mohammad. Considering it to be anti-Islam, this horrific attack was carried out. After this attack, many world leaders gathered in 'Paris'. Israel's Prime Minister Netanyahu was also among them. These leaders took out a march on the streets of Paris to protest against this inhumane attack, but none of these global leaders said a word about the massacre committed by Netanyahu in Gaza. 60 thousand civilians and 20 thousand children were killed. 237 UN volunteers and 225 journalists were killed in Gaza. Not a single global leader held a 'protest' or 'peace march' against Israel for this inhumane massacre. No one expressed grief over the massacre in Gaza. At least no one said don't kill children and their mothers. Iran alone stood up against this inhumane massacre and fought without caring about America and Netanyahu. Due to Khamenei's struggle, Iran once again came before the world as a sovereign nation. Even after such a big victory, this 'Supreme Leader' of Iran is humble. The public and the world are hailing him, but Khamenei does not consider himself a Vishwaguru. He did not do a road show in Tehran, did not do a photo session wearing a 'military' uniform. He fought the enemies of the country. He won. History remembers those who fight. Khamenei fought. Till now it was called 'The Great Britain'. Now Iran has also become 'Great'. Corruption is rampant in Maharashtra! There is an atmosphere of chaos and scams in Maharashtra at this time. That is, is there a government or in the name of the government, there is a gang of robbers sitting in the ministry, such a worrying atmosphere. The monsoon session of the legislature is starting from today. Their functioning is such that the robber government should be whipped every day in the assembly, but the policy of this robber government is to not respect the opposition party in the assembly and suppress the voice of the opposition, because this government has come to power through vote theft and loot, so they do not want an opposition leader in the assembly who will seek answers. On one hand, they beat their chest in the name of 'emergency' and on the other hand they strangle democracy in this way. If the leader of the opposition is not appointed in the assembly, then the Chief Minister and the Speaker of the Assembly are responsible for it. These industries are running to protect the corruption prevailing in Maharashtra. How many cases should be told? So many cases of corruption have come to light that if one is hidden, another one comes to light. The minister who sits knee to knee with Fadnavis is neck deep in corruption. See how serious all the cases are: ? An unaccounted amount of Rs. 1.84 crore was found in the Government Rest House of Dhule on 21st May. Anil Gote got it seized. This amount is being linked to the Chairman of Estimate Committee Arjun Khotkar. This amount was collected from the contractors of Dhule. His target was Rs. 15 crore, out of which he had to collect Rs. 10 crore in Jalna itself. The police did not do proper investigation about this amount. The Chief Minister ordered an investigation into this matter by forming an 'SIT', but those words were lost in the air. Finally some people went to the court regarding this matter. The Chief Judicial Magistrate of Dhule ordered to register a cognizable case in the Dhule unaccounted cash case. This matter is serious and a slap on the government. A voice should be raised in the legislature on this. ? Siddhant Shirsat, the son of Shinde faction minister Sanjay Shirsat, decided to buy the Vedanta hotel in Chhatrapati Sambhajinagar for Rs 65 crore through auction by pressurizing government agencies. As soon as there was an uproar that this was illegal and was cheating the government, the minister's son stepped back, but where does the minister of the social justice department get Rs 65 crore from? This is a matter of investigation and a matter of raising questions in the legislature. ? What can be said about the learned MP Sandipan Bhumare of the Shinde faction? Bhumare himself has declared his assets to be five crores in his election affidavit, but it has come to light that Bhumare's beloved driver Javed Rasool Sheikh has assets worth Rs 150 crores. The driver has assets worth Rs 150 crores, while how much property does the owner Bhumare have? This benami property may belong to Bhumare. This case is being investigated by the Economic Offences Wing of Chhatrapati Sambhajinagar, but since the current government is supporting the corrupt, the question is whether the real owner of Javed Rasool Shelkh's property worth Rs 150 crore will be revealed. Therefore, this matter should also be raised in the legislature. ? Maval MLA Sunil Shelke is supporting the Fadnavis government. The corrupt practices of these MLAs close to Ajit Pawar are shocking. These MLAs earn thousands of crores of rupees from illegal mining on the land of the State Industrial Development Corporation and embezzle hundreds of crores of 'royalty'

# विधान परिषद की जांच समिति ने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ की बैठक

समिति के सभापति और सदस्यों ने जिला पंचायत, नगर निगम, आवास विकास और एमडीए के अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं एवं कार्यों को लेकर की समीक्षा। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिला पंचायत एवं नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने/जांच किए जाने संबंधी समिति के मा. सभापति श्री बृजेश कुमार सिंह प्रिन्सू की अध्यक्षता में सर्किट हाउस के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। समीक्षा बैठक में समिति के सभापति श्री बृजेश कुमार सिंह प्रिन्सू के साथ समिति के सदस्य श्री जयपाल सिंह व्यस्त, सदस्य श्री गोविंद नारायण शुक्ल, सदस्य श्री हरि सिंह ढिल्लो, एमएलसी कुँवर महराज सिंह, एमएलसी सत्यपाल सिंह सैनी, एमएलसी श्री गोपाल अंजान, गौ सेवा आयोग के सदस्य श्री दीपक गोयल और महानगर अध्यक्ष श्री गिरीश भांडूला भी मौजूद रहे। सभापति ने जिला पंचायत के कार्यों की समीक्षा के दौरान अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत से प्रति वर्ष राजस्व संग्रह की स्थिति एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी से जिला पंचायत के अधिकार में कुल संपत्तियां एवं उनसे प्राप्त होने वाली आय के बारे में भी जाना। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत आय के विभिन्न स्रोतों में वृद्धि करे जिससे आय बढ़ सके। इसी प्रकार उन्होंने नगर निगम मुरादाबाद द्वारा नगर क्षेत्र के विकास के लिए कराए गए महत्वपूर्ण एवं अभिनव कार्यों के बारे में अपर नगर आयुक्त से विस्तार पूर्वक जानकारी ली। अपर नगर आयुक्त ने नगर निगम के स्तर से कूड़ा कलेक्शन, कूड़ा निस्तारण, अवैध कब्जे हटाने के संबंध में चलाए गए अभियान, सड़कों पर जाम की समस्या के समाधान के लिए बनाए गए पार्किंग स्थल एवं कान्हा गौशाला आदि के बारे में बताया। सभापति ने कान्हा गौशाला में गोवंश के रखरखाव के लिए उपलब्ध संसाधनों एवं कार्मिकों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के स्तर से टाउनशिप के विकास के संबंध में उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने सभापति को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भवनों के नक्शे जारी करने और जो भवन बन चुके हैं उन्हें नियमों के दायरे में लाया जा रहा है। सभापति ने कहा कि शहर में बिना नक्शा स्वीकृत कराए बनने वाले भवनों पर प्राथमिक चरण में ही नियमों को प्रभावी बनाया जाए साथ ही निचले स्तर पर नियमों को प्रभावी बनाने में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने एडीएम प्रशासन/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय श्री गुलाब चंद को निर्देश दिए कि जिले की नगर पालिका और नगर पंचायतों में उनकी आय के सापेक्ष खर्च अधिक हैं यह गंभीर मुद्दा है। स्थानीय निकाय अपनी आय को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें। एडीएम प्रशासन ने बताया कि जिले की नगर पालिका और नगर पंचायतों में आय के स्रोतों को बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है, इसके लिए बारात घर और जिम जैसे जनोपयोगी निर्माण कार्यों के साथ ही हाउस टैक्स व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जा रहा है साथ ही निकायों द्वारा निर्मित दुकानों का नियमानुसार किराया वसूला जा रहा है। आवास विकास के तहत विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान सभापति ने कहा कि आवास आयुक्त द्वारा टीम के माध्यम से जिले में आवास विकास के अंतर्गत निर्मित आवासों की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल, एमडीए उपाध्यक्ष श्री अनुभव सिंह, सीडीओ सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, सहित अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे। जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन/ वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों का रोस्टर जारी दिनांक 05 जुलाई 2025 को तहसील मुरादाबाद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में, बिलारी में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में, कांठ में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में, ठाकुरद्वारा में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। दिनांक 19 जुलाई 2025 को तहसील मुरादाबाद में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में, बिलारी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में, कांठ में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एवं ठाकुरद्वारा में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। इसी प्रकार दिनांक 02 अगस्त 2025 को तहसील मुरादाबाद में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में, बिलारी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में, कांठ में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एवं ठाकुरद्वारा में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। दिनांक 18 अगस्त 2025 को तहसील मुरादाबाद में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में, बिलारी में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में, कांठ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में एवं ठाकुरद्वारा में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। दिनांक 06 सितंबर 2025 को तहसील मुरादाबाद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में, बिलारी में मुख्य विकास अधिकारी अध्यक्षता में, कांठ में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में एवं ठाकुरद्वारा में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। दिनांक 20 सितंबर 2025 को तहसील मुरादाबाद में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में, बिलारी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में, कांठ में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एवं ठाकुरद्वारा में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। दिनांक 04 अक्टूबर 2025 को तहसील मुरादाबाद में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में, बिलारी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में, कांठ में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एवं ठाकुरद्वारा में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को तहसील मुरादाबाद में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में, बिलारी में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में, कांठ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में एवं ठाकुरद्वारा में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। दिनांक 01 नवंबर 2025 को तहसील मुरादाबाद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में, बिलारी में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में, कांठ में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में एवं ठाकुरद्वारा में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। दिनांक 15 नवंबर 2025 को तहसील मुरादाबाद में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में, बिलारी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में, कांठ में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एवं ठाकुरद्वारा में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। दिनांक 06 दिसंबर 2025 को तहसील मुरादाबाद में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में, बिलारी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में, कांठ में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एवं ठाकुरद्वारा में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। इसी प्रकार से दिनांक 20 दिसंबर 2025 को तहसील मुरादाबाद में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्ष में, बिलारी में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में, कांठ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में एवं ठाकुरद्वारा में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री सत्यवीर सिंह ने बताया कि महाप्रबन्धक उ0प्र0 माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत प्रारम्भिक से पांच वर्षों (वर्ष 2019-2020 से वर्ष 2023-24 तक) की वित्तपोषित/स्थापित माटीकला की इकाइयों को माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क पग मिल मशीन वितरण हेतु शासन से लक्ष्य प्राप्त हो चुके है। जनपद मुरादाबाद की मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत प्रारम्भिक से पांच वर्षो (वर्ष 2019-2020 से वर्ष 2023-24 तक) की वित्तपोषित/स्थापित माटीकला की इकाईयां ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। माटीकला के उन उद्यमियों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी जो मिट्टी के कुल्हड़ एवं गिलास बनाकर दिन-प्रतिदिन माटीकला के उत्पादों को बढावा दे रहे हैं। लाभार्थियों में महिला उद्यमियों को प्राथमिकता दी जायेगी जिससे वह उचित प्रतिनिधित्व प्राप्त कर सके। योजना के अन्तर्गत आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, आवेदन करने की अन्तिम तिथि 20 जुलाई 2025 है। आवेदक आनलाइन आवेदन विभागीय पोर्टल (upmatikalaboard.in) पर कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु मोबाइल नं. 9580503151 एवं 8191967279 या जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, एमआईजीए एम0-6 दीन दयालनगर, मुरादाबाद से भी सम्पर्क कर सकते है।




## संक्षिप्त समाचार

### काट रहे कीड़े, लोग हो रहे स्केबीज का शिकार

#### घर और शरीर की नियमित सफाई न करने से हो रही यह समस्या

मुरादाबाद-बारिश का मौसम शुरू होने के बाद जिला अस्पताल की त्वचा रोग ओपीडी में स्केबीज के शिकार होकर आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है।स्कैबीज एक प्रकार का त्वचा का संक्रमण है, जो एक कीटाणु द्वारा होता है। खुजली, चकत्ते और दाने होते हैं। प्रतिदिन अब 40 से 50 मरीज स्केबीज के ही आ रहे हैं। जिला अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अबिदा ने बताया कि यह कीड़ा एक छोटी सी ब्राउनिश-ग्रे रंग की चींटी की तरह दिखता है। जो लगभग 0.3 मिलीमीटर तक लंबा होता है। यह कीट त्वचा में छेद करते हैं जिससे त्वचा में सुरंगनुमा छेद बन जाते है और उनमें मादा कीट अपने अंडे देती है। अंडे फूटने पर उनसे निकलने वाले ये कीट त्वचा में अलग दिशाओं में या शारीरिक संपर्क के कारण घर के अन्य व्यक्तियों में शरीर में फैलने लगते हैं। ये कीट कपड़े या बिस्तर पर भी तीन से चार दिन तक जिंदा रह सकते हैं। इसके चलते यह संक्रमण यदि घर में किसी एक को हो जाए तो फिर सभी को होता है। इसलिए परेशानी होने पर तत्काल चिकित्सक को दिखाएं। प्रारंभिक लक्षण- डॉ. वृंदा सहाय बताती हैं कि स्केबीज होने पर शरीर पर छोटे लाल-लाल दाने हो जाते हैं। फिर इनमें खुजली होती है। यह खुजली इतनी अधिक होती है कि इससे रात में मरीज सो भी नहीं पाता है। खुजली से घाव तक हो जाते हैं। यह संक्रमण को बढ़ाते हैं। बचाव के उपाय- -स्केबीज से बचने के लिए अपने शरीर को साफ और स्वच्छ रखना चाहिए। -स्केबीज कीटाणु को मारने और खुजली से राहत पाने के लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। -स्केबीज कीटाणु फर्नीचर, कपड़ों और बिस्तर से भी फैल सकते हैं, तो शरीर के साथ-साथ इन चीजों को भी साफ-सुथरा रखें।


### पुलिस ने नवजात के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम को भेजा

भोजपुर- डीएम के आदेश पर बुधवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने कब्र खोदकर नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। सोमवार की देर शाम पीपलसाना स्थित ईदगाह केपास क्रिकेट खेल रहे बच्चों को खंडहरनुमा मकान में पॉलिथीन में नवजात का शव मिला था। प्रधान प्रतिनिधि मुजफ़्फ़र ने पुलिस को तहरीर दिए बिना कब्रिस्तान में शव को दफन कर दिया था। खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी ने बीट कांस्टेबल राहुल कुमार की तहरीर पर प्रधान प्रतिनिधि एवं अज्ञात के खिलाफ साक्ष्यों को मिटाने के लिए गुपचुप तरीके से शव को दफनाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर शव कब्र से निकालने की अनुमति मांगी थी। डीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार भोजपुर पल्लवी वानिया ने मौके पर पहुंचकर शव कब्र से निकलवाया।

## प्राथमिक विद्यालयों को विलय करके बंद किया जाने के संबंध में आजाद समाज पार्टी ( कांशीराम ) ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच- अरविंद कुमार

पीलीभीत - आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालय को विलय करके बंद किया जाने के विरोध एवं जनपद कौशांबी का प्रयागराज में हुई घटनाओं की निष्पक्ष जांच सीबीआई द्वारा कराए जाने के संबंध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा 27965 प्राथमिक विद्यालयों को विलय करके बंद करना संविधान के अनुच्छेद 21-ए, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और अनुच्छेद-46 (कमजोर वर्गों की शिक्षा और आर्थिक हितों की सुरक्षा) के प्रावधानों का उल्लंघन है। गरीब बच्चों को सरकारी स्कूलों में शिक्षा मिलना अनिवार्य है, अत: तत्काल ही स्कूलों को बंद करने का निर्णय वापस लिया जाए। वही जनपद कौशांबी के लोंहदा गांव थाना सैनी में 8 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया जाने की घटना में पीढ़ी परिवार को न्याय दिलाने तथा जनपद प्रयागराज के इसौटा गांव थाना करछना में अनुसूचित जाति के व्यक्ति को जिंदा जलाकर मार देने की घटना में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए जाने और दिनांक 29.6.2025 को करछना में पीड़ित परिवार के आरोपियों तथा स्थानीय लोगों के साथ पुलिस के द्वारा पथराव व लाठी चार्ज एवं मोटरसाइकिलो को तोड़ना व जालना एवं इस प्रकरण में सुनील कुमार गौतम उम्र 25 वर्ष के दलित व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर उपरोक्त सभी घटनाओं की सीबीआई द्वारा निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए। गांव इसौटट थाना करछना प्रयागराज में इस प्रकरण में पकड़े गए निर्दोष व्यक्तियों को तत्काल रिहा किया जाए एवं शांति व्यवस्था हेतु समुचित कदम उठाए जाएं। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिलाध्यक्ष प्रेम गौतम, जिला प्रभारी अब्दुल वाहिद खां, रामचंद्र प्रजापतिउपाध्यक्ष , जिला उपाध्यक्ष इरफान अंसारी, मथुरा प्रसाद पासवान, विधानसभा अध्यक्ष राजाराम गौतम, विधानसभा उपाध्यक्ष चांद मियां, सतीश सागर, डॉ. नागेंद्र गौतम,विनोद कुमार गौतम, मो. इरशाद, एड. इंद्रजीत सिंह, मो.मोबीन, रामलखन गौतम, हरपाल, सईद अहमद, सुरेंद्र सागर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## विरोध के बीच नगर निगम ने भोगपुर मिठोनी में अवैध निर्माण किया ध्वस्त

मुरादाबाद- नगर निगम की टीम ने बुधवार को भोगपुर मिठोनी उर्फ सिरकोई में सार्वजनिक भूमि पर किए अवैध निर्माण को विरोध व नोकझोंक के बीच ध्वस्त कराकर निगम के अधिकार में ले लिया। कई बार हंगामा होने की स्थिति बनी। निगम के अधिकारियों के निर्देश पर प्रवर्तन दल के सदस्यों व स्थानीय पुलिस टीम ने स्थिति को संभाला। अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन दल के प्रभारी व टीम के अन्य सदस्यों के साथ कार्रवाई के लिए भोगपुर मिठोनी उर्फ सिरकोई के गाटा संख्या 1037 पर चकरोड में दर्ज सार्वजनिक भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने वालों ने जमकर विरोध किया। निगम के अधिकारियों ने कहा कि बार बार नोटिस के बाद भी अवैध निर्माण व अतिक्रमण नहीं हटाया गया। लेकिन दूसरे पक्ष के लोगों ने निगम पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर विरोध व नोकझोंक किया। अपर नगर आयुक्त ने सरकारी कार्य में बाधा न डालने की चेतावनी देते हुए कार्रवाई जारी रखी। जेसीबी से सार्वजनिक भूमि पर किए अवैध निर्माण को ध्वस्त कराने के दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई। आसपास के लोग जिसमें पुरुष व महिलाएं भी जुट गए थे। इससे माहौल बिगड़ने की आशंका बढ़ गई थी। टीम ने सतर्कता के साथ कार्रवाई कराकर भूमि को अपने अधिकार में लिया। अपर नगर आयुक्त ने कहा कि चकरोड की सरकारी भूमि पर कब्जे से लोगों का रास्ता भी बाधित हो रहा था। नगर आयुक्त ने कहा कि किसी को भी नगर निगम या सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण या अवैध कब्जा नहीं करने दिया जाएगा। जिसने पहले से ऐसा किया है उसके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।



क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## बीडीए ने नई टाउनशिप ग्रेटर बरेली और नाथ धाम का मॉडल बनाकर शासन को भेजा

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यमशर्मा

बरेली। विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने ग्रेटर बरेली और नाथ धाम टाउनशिप को सेटेलाइट सिटी के रूप में विकसित करने का खाका तैयार किया है। इसका मॉडल शासन को भेजा जा चुका है। अधिकारियों को भरोसा है कि शासन से प्रस्ताव को जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। नई टाउनशिप से शहर का तेजी से सुनियोजित विकास किया जा सकेगा। बीडीए ने सेटेलाइट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए टाउनशिप मॉडल पर काम कर रहा हैं। इसके लिए तैयार किए गए विजन बरेली 2051 का कांसेप्ट प्लान और मॉडल शासन को भेजा गया है। इसके तहत टाउनशिप में छह से आठ जोन बनाए जाने की योजना है। प्रत्येक जोन और सेक्टर में आधुनिक सुविधाएं अस्पताल, पार्क, मॉल, शॉपिंग काम्प्लेक्स, जॉगिंग ट्रैक, जिम और खाने-पीने की दुकानों भी विकसित की जाएंगी। सभी जोन को अनुमानित जनसंख्या के हिसाब से सुविधा देने की कार्ययोजना बनाई गई है। इतना ही नहीं कई सरकारी आफिसों को भी इन्हीं टाउनशिप में शिफ्ट करने की तैयारी है। मेट्रो से जोड़ने की योजना बरेली । बीडीए आने वाले समय में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मेट्रो रेल सेवा उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है। जिन जगहों पर बड़ी आबादी के लिए आवासीय और व्यावसायिक भवन बनाए जा रहे हैं उन क्षेत्रों में मेट्रो की सुविधा के विकास को लेकर पहले से ही तैयारी की जा रही है। ट्रैफिक मोबिलिटी प्लान और राइट्स की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक आबादी बढ़ने के साथ ही वाहनों की संख्या बढ़ेगी, ऐसे में योजना में इसका भी खाका खींचा गया है। अधिशासी अभियंता, बीडीए एपीएन सिंह ने बताया कि नई टाउनशिप को लेकर प्राधिकरण तेजी से काम कर रहा है। इसके लिए भूमि अर्जन की प्रक्रिया होनी है। सुनियोजित विकास के साथ सेटेलाइट टाउनशिप को विकसित किया जाएगा।




## इमाम हुसैन की याद में निकला जुलूस, गूंजा 'या हुसैन'

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यमशर्मा

बरेली। ऐतिहासिक खानकाहे आलिया नियाज़िया से इमाम हुसैन की याद में वार्षिक जुलूस अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया। इस मौके पर सज्जादानशीन अल्हाज मेंहदी मियां की सरपरस्ती में जुलूस खानकाह की हवेली से शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में मुरीदीन और आसपास के जिलों से आए श्रद्धालुओं ने शिरकत की। जुलूस में खानकाह की जारी शरीफ के साथ ताजिए, तख्त और अलम शरीफ शामिल रहे। अकीदतमंद 'या हुसैन' की सदाएं बुलंद करते हुए जुलूस के साथ चल रहे थे, जिससे पूरा माहौल ग़म और अकीदत में डूबा नजर आया। रात 8 बजे तक खानकाह के तीनों गेटों पर लंगर और सबील का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। जुलूस कटरा मानराय, बंखाना, चौधरी तालाब, राजा चौक होते हुए गोस्यान मस्जिद तक पहुंचा। अगले दिन सुबह 8 बजे से दोबारा शुरू होकर यह शाम 6 बजे खानकाह वापस पहुंचा। इस दौरान पुलिस प्रशासन, नगर निगम और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने यातायात, सुरक्षा और लंगर व्यवस्था में भरपूर सहयोग किया। यह आयोजन बरेली की गंगा-जमुनी तहज़ीब और इमाम हुसैन के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा का प्रतीक बना। हर उम्र और धर्म के लोगों की मौजूदगी ने भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की। खानकाह की यह परंपरा हर साल श्रद्धा और एकजुटता के साथ निभाई जाती है, जो शहर की सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा बन चुकी है।



## दुल्हन बनकर इंतजार करती रही प्रेमिका, बरात लेकर नहीं आया प्रेमी

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यमशर्मा

बरेली। नवाबगंज क्षेत्र में पंचायत में निकाह तय होने के बाद प्रेमी अपनी बात से मुकर गया। वह बरात लेकर प्रेमिका के घर नहीं पहुंचा। लड़की पक्ष ने कॉल किया तो प्रेमी ने निकाह करने से इंकार कर दिया। जबकि युवती के घर में निकाह की तैयारियां चल रही थीं। बरातियों के लिए खाना तैयार किया जा चुका था। लड़की पक्ष ने बृहस्पतिवार को आरोपी प्रेमी के खिलाफ तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र की एक युवती पांच दिन पहले हाफिजगंज क्षेत्र के हरहरपुर मटकली निवासी प्रेमी के साथ चली गई थी। युवती की भाभी ने प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी। हालांकि बाद में युवती बरामद हो गई। इसके बाद मामले में पंचायत हुई।

जेल जाने के डर से प्रेमी निकाह करने के लिए राजी हो गया था लेकिन बाद में वह मुकर गया। प्रेमी के पिता ने दिया था लिखित आश्वासन युवती का कहना है कि पंचायत में तय हुआ था कि बुधवार दो जुलाई को दोनों को निकाह होगा। इस फैसले पर प्रेमी के पिता ने लिखित आश्वासन भी दे दिया। इस पर लड़की पक्ष ने निकाह की तैयारी शुरू कर दी। हलवाई बुलाकर बरातियों के लिए खाना बनवाया गया। घर में खुशी का माहौल था। प्रेमिका ने हाथों पर प्रेमी के नाम पर मेहंदी रचाई और बरात का इंतजार करने लगी, लेकिन प्रेमी धोखेबाज निकला। वह बुधवार को बरात लेकर नहीं आया।

## कांवड़ के मार्गों पर बंद रहेंगी नानवेज की दुकानें, दुकानों पर नेमप्लेट और रेट लिस्ट लगाएंगे दुकानदार

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यमशर्मा

बरेली। कांवड़ यात्रा की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। शिवभक्त कांवड़ तैयार करने में जुटे हैं। पुलिस-प्रशासन, कानून और यातायात व्यवस्था मजबूत बनाने में लगा है। कांवड़ यात्रा के चिन्हित मार्गों की मरम्मत चल रही है। जिन मार्गों से कांवड़ यात्रा गुजरेगी, वहां के दुकानदारों को अपनी दुकानों पर नेमप्लेट लगाने का निर्देश है। इस पर फिर बहस छिड़ गई है। उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विपक्ष पर तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि ये क्रेता का अधिकार है। नेमप्लेट या रेट लिस्ट लगाने में आखिर गलत क्या है? योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर ने भी दुकानों पर नेमप्लेट का समर्थन किया है। कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से प्रारंभ हो रही है जो 9 अगस्त तक चलेगी। शिवभक्त भगवान शिव की आराधना में ये कांवड़ यात्रा करते हैं। सावन के पवित्र माह में हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री या फिर किसी दूसरे पवित्र स्थल से गंगा जल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कांवड़ यात्रा को लेकर गुरुवार को राज्य के शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं। इसी तरह पश्चिमी यूपी से लेकर अन्य जिलों में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी कांवड़ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। बुधवार को बरेली के डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने कांवड़ और मुहर्रम को लेकर बैठक कर तैयारियों की स्थिति जानी। स्पष्ट किया कि कांवड़ रूट पर मांस की दुकानें बंद रहेंगी। कांवड़ा यात्रा के मार्गों पर लगनी वाली दुकानों और ठेलों पर दुकानदार अपना नाम और रेट लिस्ट जरूर लगाकर रखेंगे। खाद्य पदार्थों पर निगरानी की जिम्मेदारी खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी संभालेंगे। एसएसपी अनुराग आर्य ने कांवड़ यात्रा और मुहर्रम के मद्देनजर पुलिस के अधिकारियों को चाक-चौबंध व्यवस्था रखने के निर्देश दिए हैं। जुलूस और यात्रा के मार्ग चिन्हित हैं, जहां पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। पीस कमेटी की बैठकों में पहले ही निर्देशित किया जा चुका है कि परंपरागत मार्गों से ही निकला जाएगा। त्योहारों पर कोई नई परंपरा नहीं पड़ेगी। सभी लोग इसका ख्याल रखते हुए शांतिपूर्ण और सद्भाव के साथ अपने पर्व मनाएंगे।




## रबर फैक्ट्री की जमीन वापस लेने को वाद दर्ज कराने की शासन से मांगी अनुमति

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यमशर्मा

यूपीसीडा के अधिकारियों ने प्रमुख सचिव औद्योगिक अनुभाग को भेजा गया पत्र बरेली। ढाई दशक से बंद फतेहगंज पश्चिमी की रबर फैक्ट्री की 13 सौ एकड़ जमीन पर कब्जा लेने के लिए प्रशासन ने एक कदम आगे बढ़ाया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने जमीन पर कब्जा लेने के लिए जिला कोर्ट में वाद दर्ज कराने के लिए शासन से अनुमति मांगी है। यूपीसीडा के क्षेत्रीय कार्यालय से औद्योगिक अनुभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजा गया है। अनुमति मिलने के बाद वाद दर्ज कराया जाएगा। बॉम्बे हाईकोर्ट में केस की पैरवी में लगे वरिष्ठ अधिवक्ताओं की सलाह पर प्रशासन स्थानीय कोर्ट में वाद दर्ज कराने की तैयारी में जुटा है। शासन ने पिछले साल दिसंबर में रबर फैक्ट्री की जमीन वापस लेने के लिए जिला प्रशासन को बॉम्बे हाईकोर्ट के साथ डीआरटी (ऋण वसूली न्यायाधिकरण) में अलग से वाद दर्ज कराने को मंजूरी दी थी। वहां वाद दर्ज कराने के लिए शासन ने बॉम्बे हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य ठक्कर और सौभाग्य अग्रवाल को नामित किया। दोनों अधिवक्ताओं ने केस की स्टडी की। बॉम्बे हाईकोर्ट से दिसंबर 2023 में आए फैसले का भी अधिवक्ताओं ने अध्ययन किया, जिसमें राज्य सरकार को पक्षकार बनने के लिए संशोधित प्रार्थना पत्र दाखिल करने का आदेश दिया था। दरअसल, शासन ने पिछले साल दिसंबर में रबर फैक्ट्री की जमीन वापस लेने के लिए जिला प्रशासन को बॉम्बे हाईकोर्ट के साथ डीआरटी (ऋण वसूली न्यायाधिकरण) में अलग से वाद दर्ज कराने को मंजूरी दी थी। वहां वाद दर्ज कराने के लिए शासन ने बॉम्बे हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य ठक्कर और सौभाग्य अग्रवाल को नामित किया। दोनों अधिवक्ताओं ने केस की स्टडी की। बॉम्बे हाईकोर्ट से दिसंबर 2023 में आए फैसले का भी अधिवक्ताओं ने अध्ययन किया, जिसमें राज्य सरकार को पक्षकार बनने के लिए संशोधित प्रार्थना पत्र दाखिल करने का आदेश दिया था। केस को समझने के बाद दोनों अधिवक्ताओं ने प्रशासन को यह सुझाव दिया कि वह फैक्ट्री की भूमि पर पजेशन (कब्जा) लेने के लिए बरेली जिला जज की कोर्ट में डीजीसी (सिविल) के जरिये वाद दर्ज कराएं। इसके बाद प्रशासन ने मंथन शुरू किया। हाल ही में यूपीसीडा के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से वाद दर्ज कराने के लिए अनुमति लेने को प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास को पत्र भेजा गया। प्रशासनिक अफसरों ने बताया, अभी शासन से अनुमति नहीं मिली है। अनुमति का इंतजार किया जा रहा है। दरअसल, रबड़ फैक्ट्री के लिए 1960 के दशक में मुंबई के सेठ किलाचंद को 3.40 लाख रुपये में 1382.23 एकड़ भूमि तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार ने लीज पर दी थी। लीज डीड में यह शर्त शामिल थी कि फैक्ट्री बंद होने पर सरकार जमीन वापस ले लेगी, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया था। फैक्ट्री 15 जुलाई 1999 से बंद है। प्रशासन जमीन वापस लेने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट में केस लड़ रहा है।




## बरेली में औषधि निरीक्षक ने की बड़ी कार्रवाई , हजारों की दवाएं पकड़ी

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली ।जिलाधिकारी, बरेली एवं सहायक आयुक्त (औषधि), बरेली मंडल, बरेली के निर्देश पर बरेली में अवैध औषधियों के क्रय- विक्रय पर प्रभावी रोकथाम को लेकर थाना सीबीगंज क्षेत्र के गांव बल्ला कोठा, स्थित बिना लाइसेंस तथा बिना नाम अनामिका अंकुर जैन औषधि निरीक्षक ने पुलिस गयी, अवैध मेडिकल स्टोर का संचालन नेकपाल था । मौके पर उपस्थित व्यक्ति नेकपाल कोई भी औषधियों के संबंध में कोई भी क्रय-विक्रय अवैध मेडिकल स्टोर में बिक्री के लिए भंडारित ओषधियां नियमानुसार फॉर्म 16 पर अंकित करते नियमानुसार जांच एवं विश्लेषण के लिए संग्रहित होने के बाद दोषी व्यक्ति के विरूद्ध सक्षम



के संचालित मेडिकल स्टोर पर राजेश कुमार , फोर्स के साथ सीबीगंज में छापे की कार्यवाही की पुत्र देवीलाल संचालित कर रहा था।किया जा रहा औषधि विक्रय लाइसेंस एवं भंडारित एलोपैथिक अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। अत: मौके पर उक्त लगभग 90,000/- रूपये कीमत की एलोपैथिक हुए सीज की गई ।दस संदिग्ध औषधियों के नमूने किए गए। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने , विवेचना पूर्ण न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जायेगा

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

### संक्षिप्त समाचार

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, पुलिस पर लगे गंभीर आरोप

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यमशर्मा

बरेली। इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतक युवक की पहचान आदेश तिवारी के रूप में हुई है, जिसे हाल ही में स्मैक तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आदेश तिवारी को इज्जतनगर पुलिस और एसओजी टीम ने नशीली पदार्थों की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया था। बीते दिन ही पुलिस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस गिरफ्तारी का खुलासा किया था। गिरफ्तारी के बाद आदेश को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गुरुवार को आदेश तिवारी के भाई और भाभी उससे जेल में मिलने पहुंचे थे। इस दौरान आदेश की तबीयत अचानक बिगड़ गई। भाभी के अनुसार, वह आदेश से सामान्य बातचीत कर रहे थे, तभी उसने बेचैनी की शिकायत की और बात करते-करते अचानक गिर पड़ा। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आदेश की मौत के बाद परिवार ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि युवक की हालत पहले से खराब थी, लेकिन पुलिस ने उसे नजरअंदाज किया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। फिलहाल, प्रशासनिक स्तर पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वहीं, परिवार की शिकायतों के आधार पर मामला संवेदनशील होता जा रहा है।




## डिलारी: बीडीओ ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया औचक निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच


डिलारी- खंड विकास अधिकारी डिलारी ने ग्राम पंचायत सुन्दर नगर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का औचक निरीक्षण किया। उन्हें मौके पर सफाई कर्मी सफाई करते मिले। जबकि ग्राम पंचायत में एंटीलार्वा दवा का छिड़काव भी किया गया है। वही ग्राम पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मचारी के प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोक चन्द्र ने कहा कि किसी को भी अनुपस्थित पाए जाने या किसी प्रकार की लापरवाही की दशा में तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान, हाथ धोने का अभियान, सामुदायिक शौचालयों का नियमित प्रयोग, वेक्टर जनित दवाओं का छिड़काव,इंडिया मार्का हैंडपंप को क्रियाशील बनाए रखना, नालियों की साफ-सफाई, झाड़ी कटाई आदि कार्य कराए जा रहे हैं। वहीं विकासखंड अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी और सर्वेयार को माइक्रो प्लान के अनुसार अभियान में निर्देशित कार्यों को कराने और उसकी रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद्र ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान का निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए।



## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकला मेंहदी का जुलूस,भारी पुलिस बल मौजूद

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। थाना हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा में वृहस्पतिवार को निकाला गया मेंहदी का जुलूस,मोहर्रम की सात तारीख पर नगर में का मेंहदी का जुलूस निकाला गया। जगह-जगह अकीदतमंदों ने ताजियेदारों का स्वागत -सम्मान किया। वहीं अशोक मार्केट में चेयरमैन प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, लोकेश कुमार गुप्ता आदि ने भी स्वागत किया।इस दौरान चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता सहित भारी पुलिस एवं पीएसी के जवान मौजूद रहे।



## 62वीं वाहिनी एसएसबी भिनगा में जैज बैंड की शानदार प्रस्तुति ने बांधा शमा

क्यूँ न लिखूँ सच- प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा द्वारा आयोजित 12वें स्थापना दिवस समारोह की



सफलता के उपरांत अमरेंद्र कुमार वरुण, कमांडेंट 62वीं वाहिनी के नेतृत्व में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय भिनगा में सीमांत मुख्यालय एसएसबी लखनऊ की जैज बैंड टीम के द्वारा मनमोहक एवं ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में वाहिनी के श्री ललेंद्र रत्नाकर द्वितीय कमान अधिकार, निरूपेश कुमार उप कमांडेंट, श्री सोनू कुमार उप कमांडेंट, श्री गोबर्धन पुजारी उप कमांडेंट, डॉ कल्पना पाटील, सहायक कमांडेंट के साथ अन्य जवान, संदीक्षा सदस्य एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। एसएसबी जैज बैंड की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया । कमांडेंट अमरेंद्र कुमार वरुण ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बल के मनोबल को ऊंचा करते हैं तथा आपसी समन्वय एवं सौहार्द को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने जवानों एवं उनके परिजनों के उत्साह की सराहना की।

## पवित्र माह श्रावण साफ सफाई के लिए दिया ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच

आज भारतीय जनता पार्टी नेता श्रीश चन्द्र दुबे के नेतृत्व में पवित्र माह श्रावण 11.7.2025 से प्रारंभ हो रहा है घाटों की साफ सफाई के लिये नगर आयुक्त संबोधित ज्ञापन नगर आयुक्त ऑफिस पर दिया ज्ञापन के माध्यम से मांग किया की घाटों पर साफ सफाई व्यवस्था किया जाये अब एक सप्ताह ही बचे नगर निगम अभी इधर ध्यान नहीं दे रहा है नगर निगम के सारे कर्मचारी और और नाय नगर आयुक्त भी सावन के महीने को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं नाय होने से इनको अनुभव भी नहीं है की श्रावण का पर्व एक महीने के लिया होता है दशाश्वमेध घाट से आलोपी बाग होते हुए शास्त्री ब्रिज से होता हुआ बनारस की ओर कांवड़ यात्रा जाती है रोड पर सीवर चोक और जल भराव एवं लाइट की समस्या बनी हुई है कई जिलों से श्रद्धालु स्नान एवं जल भरने आते है।घाट की व्यवस्था भी व्यवस्थित नहीं है एवं जिस रास्ते से कांवड़ यात्रा गुजरती है (वहां भारी अतिक्रमण भी बना हुआ है ) नगर आयुक्त से निवेदन है बिगड़ी हुई व्यवस्था ठीक करवाने की कृपा करें ज्ञापन देने वालों में श्रीश चंद्र दुबे रितेश कुमार आशीष मिश्रा अजीत पासी अनुज श्रीवास्तव गोलू पासी आदि लोग उपस्थिति थे

## थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-03.07.2025 को माननीय न्यायालय




एडीजे कक्ष सं0-2 इलाहाबाद द्वारा निर्गत NBW सम्बन्धित केस नं0 2395/2024 धारा 457/380/411/413 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त राजा भारतीया पुत्र सौखी लाल भारतीया निवासी अजवईया पुरा पाण्डेय थाना औद्योगिक क्षेत्र को अजवईया पुरा पाण्डेय थाना औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया । नियानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरण- राजा भारतीया पुत्र सौखी लाल भारतीया निवासी अजवईया पुरा पाण्डेय थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज, उम्र करीब 30 वर्ष । सम्बन्धित वारण्ट का विवरण:- केस नं0 2395/2024 धारा 457/380/411/413 भा0द0वि0, माननीय न्यायालय एडीजे कक्ष सं0-2 इलाहाबाद । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण- 1. उ0नि0 अफजल सिद्दिकी थाना औद्योगिक क्षेत्र कमिश्नरेट प्रयागराज । 2. का0 अजीत प्रजापति थाना औद्योगिक क्षेत्र कमिश्नरेट प्रयागराज ।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## जमीनी विवाद में सोते समय युवक को गोली मारकर हत्या , मऊआइमा के चक अफजल उर्फ पूरे लीला राजे तारा की घटना

क्यूँ न लिखूँ सच

मऊआइमा (प्रयागराज) मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकअफल उर्फ पूरे लीला राजेतारा निवासी



विजय बहादुर उर्फ मलखान पटेल 38 वर्ष पुत्र स्वर्गीय शिवनाथ पटेल अपने घर के बरामदे में चारपायी पर सोए हुए थे। तथा तख्ता पर उसकी पत्नी सुमन देवी सोयी हुई थी। बताया गया है कि रात तकरीबन एक बजे गांव के कतिपय युवकों ने कंपटी पर गोली मारकर विजय बहादुर की हत्या कर भाग निकले।शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। मृतक विजय बहादुर उर्फ मलखान पटेल 38 वर्ष अपने पिता के एकलौते पुत्र थे।वह नि:संतान थे।उनका खेत का मुकदमा गांव के राकेश कुमार पटेल आदि से चल रहा था। आरोप है कि एक साज़िश के तहत विजय बहादुर की हत्या कर दी गई।मौके मऊआइमा थाना के इंस्पेक्टर पंकज अवस्थी। एसीपी फूलपुर पंकज लवनिया आदि पहुंच गए। शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक की पत्नी सुमन देवी ने मऊआइमा थाने में सालिकराम पटेल, रामबाबू, राकेश कुमार पटेल, प्रशांत कुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस ने राकेश कुमार एक अन्य को हिरासत में ले कर पूछ ताछ कर रही है।इस बाबत सहायक पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। मौके पर पहुंची गांगापर जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान एम एल सी विजय बहादुर की हत्या पर मृतक के परिजनों से भाजपा गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान मौके पर पहुंच कर रोते बिलखते परिजनों को दिलासा दी तथा मामले में पुलिस के अधिकारियों से वार्ता भी की।एम एल सी सुरेंद्र चौधरी भी मौके पर पहुंच कर हर संभव मदद का आश्वासन दिए।

## संगम नगरी की बबीता पटेल ने अमेरिका में गाड़ा झंडा मिला सिल्वर मेडल लहराया तिरंगा।

क्यूँ न लिखूँ सच

अमेरिका के बमिघम शहर में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में दिखाया दम, कोच घनश्याम सहित खिलाड़ियों ने मनाया जश्न।




देश की आधी आबादी को गौरवान्वित करने वाली मां सावित्री देवी पटेल के कोख से जन्मी व पिता रामनिवास पटेल की छांव में पली बढ़ी बबीता पटेल ने अमेरिका में सिल्वर मेडल जीतकर लहराया परचम और फहराया तिरंगा। मऊ आइमा के तिली का पूरा अबदालपुर निवासी बबीता पटेल ने मंगलवार को अमेरिका के वघियम शहर में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर ( हेप्टाथलांन) प्रतियोगिता में भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश देश व प्रशिक्षक का मान बढ़ाया। बबीता पटेल वर्तमान में सीआईएसएफ में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है। बबीता पटेल अपनी सफलता का श्रेय अंतर्राष्ट्रीय पोलवाट खेल प्रशिक्षक घनश्याम यादव को दिया। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए घनश्याम यादव ने बताया कि बबीता पटेल के पास देश-विदेश में खेल प्रतियोगिताओं में दर्जनों गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल, आदि उपलब्धियां प्राप्त है। बबिता की सफलता पर क्षेत्रीय सांसद प्रवीण पटेल, विधायक गीता पासी, पूर्व सांसद केसरी देवी पटेल, पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुधीर मौर्य, प्रधान संघ अध्यक्ष राम तीरथ यादव, जिला पंचायत सदस्य कमरूल हसन आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

## जिला अध्यक्ष अखलाक प्रधान के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर राज्यपाल को संबोधित मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सोपा

क्यूँ न लिखूँ सच- राकेश गुप्ता

शामली शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर कांग्रेस नेताओं ने जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव,जिला अध्यक्ष अख़लाक़ प्रधान के नेतृत्व में जिला अधिकारी शामली कार्यालय पर ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपा गुरुवार नेतृत्व द्वारा प्रदेश भर में जनपद के प्रदेश सरकार की 5000 स्कूलों को के विरोध में प्रदर्शन कर महामहिम अधिकारी को सौंपा ज्ञापन क्रम में कार्यकर्ताओं ने जनपद के जिला राघव व जिला अध्यक्ष कांग्रेस अधिकारी कार्यालय पर एकत्रित नारेबाजी करते हुए महामहिम मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार को सौंपा ज्ञानेंद्र सिंह राघव, जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शमशीर



प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष जिलाधिकारी कार्यालय पर उत्तर समायोजन के नाम पर बंद करने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला जनपद शामली के कांग्रेस नेता व कोऑर्डिनेटर शामली ज्ञानेंद्र सिंह अखलाक प्रधान के नेतृत्व में जिला होकर प्रदेश सरकार के विरुद्ध राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन ज्ञापन देते समय जिला कोऑर्डिनेटर अख़लाक़ प्रधान, जिला महासचिव खान ने प्रदेश सरकार द्वारा समायोजन के नाम पर बंद किया जा रहे 5000 विद्यालयों को आम गरीब मजदूर के बच्चों को शिक्षा से वंचित कर संविधान में दिए गए अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने कहा कि देश की सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के नाम पर इतिहास व रोजगार स्कीम कर सरकार द्वारा संस्कारों को तबाह किया जा रहा है वहीं प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा के 5000 स्कूलों को समायोजन के नाम पर बंद कर आम गरीब मजलूम मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रोजगार छीने के साथ-साथ अपने पूंजीपति शिक्षा माफिया मित्रों की मदद करना चाहती है सरकार ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर यह आदेश प्रदेश सरकार द्वारा शीघ्र वापस नहीं लिया गया तो जननायक नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी मल्लिकार्जुन खड़गे जी अविनाश पांडे जी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी की नेतृत्व में सड़क से संसद तक कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी देश में शिक्षा में भाईचारे विकास के लिए प्रदेश और देश में कांग्रेस की सरकार बनवाने का आह्वान किया ज्ञापन देते समय जिला अध्यक्ष अख़लाक़ प्रधान, जिला महासचिव संदीप शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शमशीर खान, महिला जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर नसरीन ख़ान,जावेद, छवि,आलिम,अफ़साना आदि शामली रहे ।

### संक्षिप्त समाचार

## कीचड़ व जलभराव में विलुप्त हो गयी सड़क

क्यूँ न लिखूँ सच- वीरेंद्र कुमार वर्मा

श्रावस्ती। विकास क्षेत्र जमुनहा अंर्तगत ग्राम पंचायत देवरनिया



के मजरा सुबरातीपुरवा गांव में आरसीसी सड़क पर कीचड़ जलभराव हो गया है मजबूरन लोगों को उसी में आना जाना पड रहा है। जलभराव की वजह से सडक पर आने जाने वालों के कपड़ों व पैरों पर गंदा पानी लग जाता है। जबकि मोहर्रम भी आने वाला है फिर भी अभी तक सफाई नहीं करायी गयी है। गांव लोगों ने मोहर्रम से पहले सड़क पर कीचड़ जलभराव को साफ सफाई करवाने की मांग है।

## 62वाहिनी एस एस बी मानव चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच- प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती अमरेन्द्र कुमार वरुण कमांडेंट 62वीं वाहिनी एसएसबी




भिनगा के दिशा निर्देशन और डॉ कल्पना पाटील सहायक कमांडेंट/चिकित्सा के द्वारा सीमा चौकी गुज्जरगौरी के कार्यक्षेत्र रावलपुर गांव में मानव चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ कल्पना पाटील, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा) ने रावलपुर गांव के 26 ग्रामीणों को निशुल्क परामर्श के साथ दवाओं का वितरण किया । शिविर के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना था। इस मौके पर शिविर में समवाय गुज्जरगौरी के कम्पनी कमांडर प्रगाड़ा साई कुमार, सहायक कमांडेंट और सहायक उप निरीक्षक (फार्मशिस्ट) आलोक कुमार यादव के साथ अन्य मेडिकल टीम के जवान उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल व साइकिल भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच- अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती। थाना हरदत्त नगर गिरन्ट अन्तर्गत गिरन्ट मिर्जापुर मार्ग पर जमुनही गांव के पास देर शाम को मोटरसाइकिल व साइकिल के आमने - सामने भिड़ंत में दोनों तरफ लोगों को गंभीर चोटें आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और एम्बुलेंस से साइकिल चालक 57 वर्षीय नईमुल्ला खां निवासी हुसैन पुरवा मौजा बहबोलिया थाना रिसिया जनपद बहराइच को भिनगा जिला अस्पताल भेज दिया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। वही मोटरसाइकिल चालक 25 वर्षीय संदीप कुमार निवासी कटघरा भगवानपुर थाना रिसिया जनपद बहराइच को उपचार बाद घर भेज दिया गया।

## शराब पीकर महिला को मारा पीटा गया चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच

मऊआइमा ( प्रयागराज) मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांकाजलालपुर निवासनीय नीतू पत्नी संदीप और गन्नू पत्नी मेवा लाल का आरोप है कि विपक्षी शराब पीकर गालियां दिए और मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी भी दिए। पुलिस ने रंजीत कुमार,शिवा,सत्यम,मनीता देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## वन महोत्सव के अन्तर्गत प्रमुख ने किया वृक्षारोपण

क्यूँ न लिखूँ सच

मऊआइमा (प्रयागराज) वन महोत्सव के अन्तर्गत ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी ने विकास खंड परिसर में वृक्षारोपण कर वन महोत्सव में भाग लिए।इस अवसर पर बीडीओ उमेश सिंह, ग्राम प्रधान महमदपुर सराय अली अशोक कुमार उर्फ गुड्डू, बीड़ी सी, दिलीप कुमार,वन क्षेत्रीय अधिकारी हिव्या मिश्रा,उप क्षेत्रीय वन अधिकारी मसूद अहमद,हिमांशू सिंह वन रक्षक आदि मौजूद थे।

# पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला के पक्ष में वार एसोसिएशन ने भी भरी हुंकार, खनन माफिया के विरुद्ध आरपार की लड़ेंगे लड़ाई,

क्यूँ न लिखूँ सच- श्याम जी कश्यप

पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने भरी हुंकार जनपद फर्रुखाबाद के बड़ी तादात में पत्रकारों का मिला साथ और दूसरी तरफ जिला वार एसोसिएशन ने भी पूरी दमदारी से पत्रकार अरविन्द शुक्ला के साथ में माफियावाद के विरुद्ध आरपार की लड़ाई लड़ने का ऐलान कर दिया है। आज इसी संबंध में पत्रकारों के साथ वार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंअर सिंह यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिध मंडल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा और इसी के साथ वार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने खुले तौर पर ऐलान किया कि पत्रकार अरविन्द शुक्ला ने जो खनन माफियाओं के विरुद्ध जंग छेड़ी है इस फैसले में हमारी पूरी वार ने निर्णय लिया कि अन्याय के विरुद्ध जनपद से माफियावाद को खत्म कर ही दम लेंगे। वार एसोसिएशन और पत्रकारों ने एक स्वर में पुलिस की कार्यशैली पर उंगली उठाते हुए कहा कि चार दिनों तक जब एक पत्रकार को न्याय नहीं दिला पाई पुलिस तो आम आदमी को क्या न्याय दिला पाएगी। अध्यक्ष ने कहा कि क्या खनन माफिया समरजीत कटियार कानून और प्रशासन से ऊपर है जो उसके विरुद्ध कार्यवाही में पुलिस हांफ रही है उसके विरुद्ध कार्यवाही करने में ये सरासर पुलिस और खनन माफियाओं की मिलीभगत की तरफ इशारा करता है। अरविंद शुक्ला द्वारा दिए गए ज्ञापन पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर को गहनता पूर्वक जांच पड़ताल कर हमें अवगत कराने को आदेशित किया है, वहीं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि जांच उपरांत पाए गए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कहा कि जनपद में माफियाबाद को कतई पनपने नहीं दिया जाएगा वो चाहें कितनी भी पहुंच वाला क्यों न हो शासन की मंशा के अनुरूप माफियाओं की जगह सलाखों के पीछे है। वहीं जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने भी पत्रकारों और वार एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल को पूर्ण आश्वासन दिया कि खनन माफिया समरजीत कटियार ही नहीं पूरे जनपद में किसी भी खनन माफिया को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अभियान चला कर कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। वार एसोसिएशन और पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल की भनक लगते ही पूरे जनपद के खनन माफियाओं में खलबली मची हुई है वहीं जिन पुलिस कर्मियों का इस प्रकरण में ढुलमुल और संदेह जनक रवैया रहा उनमें भी खलबली मची है किस किस पर गाज गिरती है ये आने वाले 72 घंटों में पूरे जनपद को पता चल जाएगा।



# जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेला सम्पन्न

## कृषकों को योजनाओं की जानकारी, नहरों के संचालन एवं बीज की समय से उपलब्धता के निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच- नीरज कुमार

जनपद के गौरी पैलेस में जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन तथा जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। गोष्ठी में 32 स्टालों की कृषक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिनमें कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, लीड बैंक, यूपी एग्रो सहित निजी क्षेत्र की संस्थाओं ने प्रतिभाग किया। उप कृषि निदेशक ने सोलर पंप, सोलर फेंसिंग, कृषि यंत्र, बीज एवं उर्वरक वितरण तथा ऑनलाइन किसान पंजीकरण की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी। कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. मो. मुस्तफा ने खरीफ में दलहनी व तिलहनी फसलों पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. विस्टर जोशी ने प्राकृतिक खेती को अपनाने का आग्रह किया। माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि किसान हितैषी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए। साथ ही नहर विभाग को निर्देशित किया गया कि नहरों एवं नलकूपों को पूर्ण क्षमता से संचालित किया जाए। विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन ने महिलाओं से किचन गार्डन व पशुपालन को प्रोत्साहित करने की अपील करते हुए कहा कि इससे घरेलू आय में वृद्धि संभव है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि पिछली खरीफ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 48455 किसानों को 4465.01 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति वितरित की गई, जो जनपद की अब तक की सर्वाधिक राशि है। उन्होंने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता किसान बन्धु हैं, इसलिए बीज, उर्वरक, विद्युत आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए। गोष्ठी में बलराम सिंह लंबरदार ने समय पर बीज उपलब्ध कराने की अपील की, राजबीर सिंह जादौन ने किसानों से अनुरोध किया कि वे खरीफ फसलों को नुकसान से बचाने हेतु अपने पशुओं को अन्ना न छोड़ें, जबकि साहब सिंह चौहान ने नहरों की सिल्ट सफाई और टेल तक पानी पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में कालपी विधायक प्रतिनिधि आशीष चतुर्वेदी, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलराम लंबरदार, प्रदेश अध्यक्ष राजबीर सिंह जादौन, प्रांत अध्यक्ष साहब सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी कुमुदेन्द्र कलाकर सिंह, उप कृषि निदेशक एस.के. उत्तम, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास शुक्ला सहित जनपद के प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।



# पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष-2025 ( पूर्वार्द्ध ) हेतु दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु मिलेगी अवकाश की सुविधा

क्यूँ न लिखूँ सच- राजकुमार शर्मा ( कटारे )

शिवपुरी- मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष-2025 ( पूर्वार्द्ध ) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 22 जुलाई को मतदान नियत है। जिसके तहत दुकानो, प्रतिष्ठानों, संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु समुचित सुविधा प्रदान की जाएगी।जारी कार्यक्रम के अनुसार उप निर्वाचन वाले पंचायत क्षेत्र में स्थित उद्योग, कारखाने, व्यापारिक प्रतिष्ठान, दुकानों में कार्य करने वाले मतदाताओं को मतदान में समुचित अवसर प्रदान करने के लिए मतदान दिवस के दिन साप्ताहिक अवकाश घोषित किया जाएगा। ऐसा अवकाश प्रतिस्थापित साप्ताहिक अवकाश माना जा सकता है। दुकानों एवं वाणिज्यिक संस्थाओं में मध्यप्रदेश दुकान एवं संस्थान अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित दिन छुट्टी अथवा अवकाश न रखकर उसके स्थान पर मतदान के दिन छुट्टी अथवा अवकाश दिया जाए।

# 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान अंतर्गत बैठक आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच- राजकुमार शर्मा (कटारे)

शिवपुरी, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के अंतर्गत एक बैठक का आयोजन जिला न्यायालय शिवपुरी के सभाकक्ष में किया गया। बैठक का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिवपुरी श्री राजेन्द्र प्रसाद सोनी के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालय के न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश ने बताया कि इस अभियान के तहत जिला एवं तहसील न्यायालयों सहित समस्त न्यायिक स्तरों पर लंबित प्रकरणों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से अधिकतम संख्या में किया जाना है। उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों एवं मध्यस्थों को अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए।




# PWD रीवा के मुख्य अभियंता सुरेश चंद्र वर्मा पर गंभीर आरोप

## फर्जी अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र का उपयोग कर बुनियादी नौकरी ज्वाइन कर पदोन्नति का लाभ लेते रहने का आरोप

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी
डिप्टी मैनेजर संपादक

राष्ट्रीय अधिमान्य पत्रकार संगठन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद मिश्र द्वारा आरोप लगाया गया है कि पीडब्ल्यूडी के मिनिस्टर राकेश सिंह द्वारा सुरेश चंद्र वर्मा मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा के ऊपर काफी मेहरबान है द्य ज्ञात हो कि सुरेश चंद्र वर्मा 25 वर्ष से ऊपर जबलपुर में ही पदस्थ रहे तथा जिसका संरक्षण पीडब्ल्यूडी के मंत्री का रहा, काफी शिकायतें तथा गंभीर आरोप भ्रष्टाचार का लगने के कारण मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री द्वारा स्थानांतरण किया गया , तथा उपर्युक्त अधिकारी के विरुद्ध फर्जी अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र का उपयोग कर बुनियादी नौकरी ज्वाइन कर पदोन्नति का लाभ लेते रहने तथा आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने पद का दुरुपयोग करने की शिकायत माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष काफी लंबे से विचारथीन हैद्य सुरेश चंद्र वर्मा द्वारा जिला जबलपुर श्च2स्त्र संभाग क्रमांक 2 दमोह नाका जबलपुर से मदन महल फ्लाई ओवर के काम में एन सी सी कंपनी हैदराबाद को दिया गया था जिसकी अनुमानित लागत 854 करोड़ की थी जिसके मुख्य अभियंता श्री सुरेश चंद्र वर्मा पी 2 डी जबलपुर द्वारा सप्लीमेंट्री अमाउंट लगभग 400 करोड़ की स्वीकृत मुख्य अभियंता द्वारा की गई है जबकि 5 लाख तक का कोई भी कार्य हो तो ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है श्री वर्मा द्वारा जो 400 करोड रुपए की अनुमानित भ्रष्टाचार किया है इसकी भी मुख्य रूप से जांच मुख्यमंत्री मध्य शासन भोपाल के सचिवालय में जांच लंबित है

द्य तथा श्री वर्मा के भ्रष्टाचार की जांच मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन जी के पास भी लंबित हैद्य इसके बाद भी 4 जुलाई 2025 को इंदौर में होने वाली डी श्च सी की बैठक में पीडब्ल्यूडी के मंत्री द्वारा दबाव नीति बनाकर सीनियर अधिकारियों की अपेक्षा करते हुए एन सी ष्द्धद्वद्गद्ध बनाने के जुगाड़ में हैंद्य राष्ट्रीय अधिमान्य पत्रकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि मुख्य अभियंता श्च 2 स्त्र सुरेश चंद्र वर्मा के पक्षधर मध्य प्रदेश शासन पीडब्ल्यूडी के मंत्री श्री राकेश सिंह जी हैं जिनके द्वारा पीडब्ल्यूडी के विभागीय सीनियर अधिकारी जो वरिष्ठ हैं उनके अपेक्षा करते हुए जूनियर अधिकारी श्री सुरेश चंद्र वर्मा का नाम डी श्च सी में रखने का प्रस्ताव व पक्षधर हैं द्य प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि सुरेश चंद्र वर्मा द्मड्डस्त्रड्डह्ल एवं पद में कनिष्ठ हैं श्री वर्मा से वरिष्ठ श्री के पी एस राणा, श्री संजय मसके ,एवं श्री बोरासी जी सभी मुख्य अभियंता पदोन्नति के अवसर का इंतजार कर रहे हैं द्य किंतु अनुचित तरीके से श्री सुरेश चंद्र वर्मा को द्ग ठ ष के पद पर पदोन्नति का प्रस्ताव विभागीय मंत्री के दबाव पर अध्यक्ष लोक सेवा आयोग मध्य प्रदेश इंदौर को भेजा गया है जो गलत है द्य तथा भेदभावपूर्ण है जो दिनांक 4 जुलाई 2025 को डी श्च पी से इंदौर में फाइनल होने जा रही है ,इस पर रोक लगाने की मांग किया ह

ै द्य राष्ट्रीय अधिमान्य पत्रकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद मिश्र ने दिनांक 1 जुलाई 2025 को विषय श्री सुरेश चंद्र वर्मा मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा संभाग रीवा का डी श्च सी रोकने हेतु प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली राजपाल महोदय राजपाल भवन मध्य प्रदेश शासन भोपाल , मुख्यमंत्री महोदय मध्य प्रदेश भोपाल, अनुराग जैन आईएएस मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल ,माननीय अध्यक्ष लोक सेवा आयोग मध्य प्रदेश इंदौर व माननीय अपर मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल क्रमांक 651 एवं 653 दिनांक 1 जुलाई 2025 को सुरेश चंद्र वर्मा का स्त्र श्च ष रोकने का अनुरोध किया है तथा राज्य शासन एवं अध्यक्ष लोक सेवा आयोग मध्य प्रदेश इंदौर को पत्र भेजकर शिकायत में कहा है कि सुरेश चंद्र वर्मा के विरुद्ध की गई शिकायत के जांच पूरी होने एवं वरिष्ठ अधिकारियों के होते हुए कनिष्ठ की डी पी सी स्थगित करने का कष्ट करेंगे द्य

## संक्षिप्त समाचार

### 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच- भूपेन्द्र तिवारी

बहराइच/पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी महसी श्री धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थानाध्यक्ष थाना खैरीघाट श्री सूरज कुमार के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर आज दिनांक 03.07.2025 को इमामगंज चौराहे से समय करीब 10.30 बजे मु0अ0सं0 304/2025 धारा – 109, 115(2), 351(3), 352 बी0एन0एस से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 1. लड्डन पुत्र भुलई उम्र करीब 55 वर्ष, 2. मुमताज पुत्र लड्डन उम्र करीब 26 वर्ष निवासीगण दलजीतपुरवा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच को माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों-निर्देशों का पालन करते हुए गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बहराइच के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया । गिरफ्तारी की सूचना अभियुक्त के परिजन को जरिये उचित माध्यम दी गयी ।



### 2 नफर अभियुक्त गिरफ्तार थाना खैरीघाट जनपद बहराइच

क्यूँ न लिखूँ सच- शैलेन्द्र कुमार पांडेय

पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी महसी श्री धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थानाध्यक्ष थाना खैरीघाट श्री सूरज कुमार के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर आज दिनांक 03.07.2025 को इमामगंज चौराहे से समय करीब 10.30 बजे मु0अ0सं0 304/2025 धारा – 109, 115(2), 351(3), 352 बी0एन0एस से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 1. लड्डन पुत्र भुलई उम्र करीब 55 वर्ष, 2. मुमताज पुत्र लड्डन उम्र करीब 26 वर्ष निवासीगण दलजीतपुरवा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच को माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों-निर्देशों का पालन करते हुए गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बहराइच के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया । गिरफ्तारी की सूचना अभियुक्त के परिजन को जरिये उचित माध्यम दी गयी । अभियुक्त का नाम व पताः- 1. लड्डन पुत्र भुलई उम्र करीब 55 वर्ष 2. मुमताज पुत्र लड्डन उम्र करीब 26 वर्ष निवासीगण दलजीतपुरवा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच




### गंगा के पानी में उफान आनें से निचले इलाकों में बाढ़ ने दस्तक

क्यूँ न लिखूँ सच- श्याम जी कश्यप

फरूखाबाद - फर्रुखाबाद॰ गंगा के पानी में उफान आनें से निचले इलाकों में बाढ़ ने दस्तक दे दी है जिससे काफी संख्या में फसले भी जलमग्न हो गयीं हैं7 दरअसल बीती रात को गंगा का जल स्तर अचानक बढ़ने से बाढ़ मक्का-मूंगफली को फसलों में प्रवेश कर गयी, जिससे फसलों को काफी नुकसान होगा7 अमृतपुर तहसील के ग्राम तीसराम की मढैया में गंगा का पानी घुसने से मक्का व मूंगफली की लगभग 200 बीघा फसल डूब गई है7 गंगा का पानी बढ़ने से गांव के किनारे कटान भी तेज हो गया है दो दर्जन से ज्यादा मकान गंगा के पानी में चपेट में खतरे में बताया जा रहे हैं जिससे अभी तक प्रशासन ने तीसराम की मढैया का निरीक्षण नही किया है7 स्वास्थ्य विभाग की तरफ से भीअभी तक कोई शिविर नहीं लगाया गया है, जिससे बुखार,खुजली के भी मरीज बढ़ रहें हैं7 गंगा का खतरे निशान 137.10 मीटर पर पहुंची है, जबकि बुधवार सुबह आठ बजे गंगा का जलस्तर 137.10मीटर दर्ज किया गया7 गंगा में नरौरा बाँध से 42,160 क्यूसेक पानी छोड़ा गया7 वहीं रामगंगा में खो बैराज से 2276, हरेली बैराज से 1840क्यूसेक पानी छोड़ा गया7 रामगंगा भी खतरे निशान पर पहुंची 137. 10

# These actresses who have played the strong role of 'mother' on screen, are also strong single moms in real life




Bollywood actress Kajol's film 'Maa' has been released in theaters on June 28. In the film, the character of the mother has been shown in a powerful and strong way, who can do anything for her child. Just like this, the mother's love is also seen in real life. There are many such moms in Bollywood and TV world who are single and are giving a very good upbringing to their children. In Bollywood, the character of a mother is often shown as a sacrificing, affectionate and strong woman. Kajol's recently released film 'Maa' has redefined this feeling. In the film, the fight, struggle and dedication of a mother for her child has been shown in a very emotional and powerful way. But these stories are not limited to the screen only. In real life too, there are many famous Bollywood and TV celebrities who are raising their children alone and giving a new inspiration to the society. These actresses not only managed their careers, but also fulfilled every responsibility for their children which both a mother and a father have. Here we know about some such strong single moms who have set an example in the society with their decisions. Shweta Tiwari Well-known TV industry actress Shweta Tiwari has seen many ups and downs in her personal life. The actress, who has divorced both her husbands Raja Chaudhary and Abhinav Kohli, is raising her daughter Palak and son Reyansh on her own. Shweta is not only a successful actress, but also a strong mother who took the right decision for her children in every difficult time. Juhi Parmar 'Kumkum' fame Juhi Parmar has also raised her daughter Samaira as a single mom. Juhi Parmar and Sachin Shroff got married on 15 February 2009 and got divorced in 2018. After this, she has raised her daughter alone. Juhi believes that being a single parent does not only mean responsibility, but also the beginning of a new confidence.Karisma Kapoor The superhit actress of the 90s, Karisma Kapoor, chose a different path for her children after problems arose in her married life. She made both her children Samaira and Kian her priority and kept a distance from films and kept the role of a mother above all else. Karisma is still seen with her children on every special occasion and presents the image of an ideal single mother. Let us tell you that recently Karisma's ex-husband Sanjay Kapoor has passed away.Sushmita Sen Former Miss Universe Sushmita Sen broke the stereotypes of society by choosing single motherhood. She adopted two girls and gave them a wonderful upbringing. Sushmita is still known for her open-mindedness and independent thinking. Her daughters Alisha and Renee are the biggest strength of her life.Neena Gupta Veteran actress Neena Gupta became the mother of Masaba Gupta during her relationship with West Indies cricketer Vivian Richards. Going against the conservative thinking of society, Neena decided to raise her daughter alone and never married anyone.

# 'There is a curse hidden in every boon...', Vaani ready for digital debut; will be seen in this style for the first time




Vaani Kapoor, excited by the success of 'Red 2' recently, is now going to make her digital debut soon. Her first OTT project has been announced. Know when it is releasing. Actress Vaani Kapoor, who was recently seen in 'Red 2' with Ajay Devgan, is now going to make her digital debut. She is going to be seen in Yash Raj's new show, which is to be released on Netflix. Netflix India has released the poster of its new series, in which Vaani Kapoor is going to be seen in the lead role. Along with the poster, its release date has also been revealed. Full cast seen in the poster - Netflix has released the poster of its new series 'Mandala Murders'. Vaani Kapoor is seen in the poster along with Surveen Chawla, 'Gullak' fame actor Vaibhav Raj Gupta and actress Shriya Pilgaonkar. In the poster, Vaani is seen brandishing a gun, while Surveen Chahala is seen in the role of a woman leader with folded hands. While Vaibhav Raj Gupta is seen in a bearded look wearing black glasses. Shriya Pilgaonkar is standing very well dressed in the poster. Will be released on July 25 - While sharing the poster, the caption read, 'There is a curse hidden in every boon. The time to pay the price is coming soon.' Along with this, the release date of this series has also been announced. This new Netflix series is releasing on July 25. It is presented by Yash Raj Films. Vaani was seen with Ajay Devgan in 'Raid 2' - Vaani Kapoor was recently seen with Ajay Devgan in 'Raid 2'. She was seen in the role of the wife of Ajay Devgan's character Amay Patnaik in the film. Apart from this, Surveen Chawla was seen in the second season of the recently released Netflix show 'Rana Naidu'. Apart from this, she has also appeared in the fourth season of Pankaj Tripathi's show 'Criminal Justice'. Shriya Pilgaonkar was recently seen in Zee5's series 'Chhal Kapat: The Deception'.

# Fans are happy to see the trailer of Anupam Kher's 'Tanvi the Great', Shubhangi's acting has won hearts

The trailer of the film 'Tanvi the Great', directed by Bollywood veteran actor Anupam Kher, has been released. Let's know what the netizens are reacting to this trailer. The trailer of the much-awaited film 'Tanvi the Great', directed by Anupam Kher, has been released today on Monday. The audience is eagerly waiting for the film. As soon as the trailer of the film was released, reactions of netizens started coming and fans are praising the trailer. Let's know what the fans said. What did the netizens say? The trailer of Anupam Kher's film 'Tanvi the Great' has been released. This film is being praised a lot. A user wrote on Instagram, 'Goosebumps, can't wait to see the film.' Another user said, 'Will have to wait for 18 more days.' At the same time, another user wrote that it is a very wonderful and inspiring story. Apart from this, another user wrote, 'This story looks very interesting, emotional and connected, the concept is great. All the best sir. It will definitely be a blockbuster hit. Especially, Shubhangi's acting beyond words.'What is the trailer of the film? In the film, Anupam Kher plays the role of Tanvi's grandfather, who himself is a retired colonel. While Karan Tacker plays Tanvi's father. The story of the film is based on the army background. Apart from Shubhangi Dutt, Anupam Kher and Pallavi Joshi are seen for a long time in this trailer which is more than 3 minutes long. Apart from this, a glimpse of other characters of the film Boman Irani, Jackie Shroff, Arvind Swami and Karan Tacker is also seen. The trailer shows that the film touches many issues including patriotism and army, including issues like family drama, emotional angle, special child. When will the film be released? Directed by Anupam Kher, the film will be released on July 18. The film also stars Ian Glen, Jackie Shroff and M Nasser. The music of the film is composed by Oscar winner MM Keeravani. Tanvi The Great is produced by Anupam Kher Studio in association with NFDC.

